हथकरघा बुनकरों के लिए आवासों के निर्माण हेतु सहायता

2699. **श्री अजीत जोगी:** क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या केन्द्रीय सरकार हथकरघा बुनकरों के लिए आवासों के निर्माण हेतु राज्य सरकारों को सहायता प्रदान करती है;

(ख) यदि हां, तो गत तीन वर्षों के दौरान इस प्रयोजनार्थ कितनी सहायता राशि प्रदान की गई और इससे राज्य-वार कितने बुनकर लाभान्वित हुए; और

(ग) वर्ष 1996-97 के दौरान इस प्रयोजनार्थ कितनी सहायता राशि प्रदान किए जाने का विचार है?

वस्त्र मंत्री (श्री आर० एल० जालप्पा): (क) जी हां।

(ख) एक विवरण संलग्न है (**नीचे** देखिए)

(ग) 1500 लाख रुपये।

कार्यशाला-सह-आवास योजना के अंतर्गत गत तीन वर्षों में राज्य सरकारों को जारी की गई राशि और लाभान्वित बुनकरों की संख्या का ब्यौरा

क्र० सं०	राज्य का नाम	1993-94 से 1995-96 जारी की गई राशि (रु० लाखों में)	लाभान्वित बुनकरों की संख्या
1.	आन्ध्र प्रदेश	560.52	7308
2.	असम	292.00	2300
3.	बिहार	232.00	5800
4.	हिमाचल प्रदेश	83.49	2100
5.	जम्मू और कश्मीर	21.59	676
6.	कर्णाटक	340.72	6644
7.	केरल	215.58	2154
8.	मध्य प्रदेश	151.76	2624
9.	महाराष्ट्र	46.00	1150
10.	मणीपुर	75.60	1890
11.	मेघालय	1.20	30
12.	मिजोरम	14.00	350
13.	उड़ीसा	140.00	3500
14.	राजस्थान	53.56	1334
15.	तमिलनाडु	280.00	2000
16.	त्रिपुरा	88.00	2200
17.	उत्तर प्रदेश	464.00	8150
18.	पश्चिमी बंगाल	153.97	3950
	कुल	3213.99	54160